तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 10 अगस्त 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

## स्कार्पियों वाहन भी जब्त, जेल भेजे गए आरोपी

# 4 तस्करों से 13 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 किलो 200 ग्राम गांजा और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने क्राइम मीटिंग के दौरान आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी को देखते हुए जिले में नशीले पदार्थों, नशीली टैबलेट और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। अभियान के दौरान साइबर सेल और सिविल लाइन रामपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग वाहन से गांजा तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन से अलग-अलग पैकेटों में 13.200 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।



पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर एवं जब्त गांजे की खेप।

पुलिस ने रजगामार निवासी किरण महंत 35 वर्ष, नेहरूनगर चौकी सीएसईबी निवासी प्रकाश कुमार महंत 32 वर्ष, रिस्दी चौक कोटवार मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार यादव 40 वर्ष, रामपुर बस्ती निवासी कृष्णकुमार प्रजापति 42 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जबरामद गांजे को सीलबंद कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने मामले में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रमोद, उपनिरीक्षक महासिंह, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गेश, प्रधान आरक्षक आकाश, राजेश्वर, आरक्षक सुरेंद्र, जितेंद्र, योगेश, संजय, अर्जुन, कविचरण, संदीप, साहबान, पुरुषोत्तम, धर्मेंद्र और साइबर सेल के प्रधान आरक्षक गुना राम, आरक्षक सुशील, आलोक, प्रशांत और संजू का योगदान रहा।

## लेमरू में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

कोरबा। विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी सांस्कृतिक सेवा केंद्र द्वारा 10 अगस्त को ग्राम पंचायत लेमरू में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम पंचायत लेमरू की सरपंच रजनी तंवर के नेतृत्व में होगा। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में लगभग 15 से अधिक अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श और उपचार करेंगे। ग्रामीणों को न केवल निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं दी जाएंगी। बल्कि दवाइयों का वितरण भी पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
MAINTAINING THE LEGACY FOR DECADES
EXCELLENCE KI GUARANTEE
Only Engineering College in Chhattisgarh offering
BBA-BCA
Affiliated with Technical University (CSVTU)
Approved by AICTE
Highlights of the program
AC CLASS ROOMS
• Advanced Curriculum
• Guidance from Industry Mentors
• Paid Internship
• Club Activities
• Activity Based Learning
• Skill Enhancement Program
• Add on Certification (Recognized in the Global Market)
Collaborative Tie-Ups
TATA | BYJU'S | amazon | BAJAJ FINSERV | Tally | CISCO | HARIOM TMT | Jayaswal Neco Industries Limited
50+ MOUs with Reputed Organizations
1 Lac+ Books in the Library, Digital Library Access
120+ Labs in various Disciplines
25 Yrs+ Legacy in Education
25K Alumni in All Parts of the world
RANKING & ACCREDITATIONS
#1 RANK in University Result | 25,000+ Alumni | 12 LAKH Highest CTC | TOP Placement in All Streams
QR CODE
SCAN QR CODE TO KNOW MORE ABOUT SRGI
REACH US AT
Call- 9229-111-555, 9229-111-666
Rungta Knowledge City, Kohka, Kurud Road, Bhilai (Chhattisgarh)
/rungtacolleges.com /rungtacolleges

RCP INFRATECH PVT. LTD.
READY TO USE
VIP CITY
A City in The City
SHOPS & OFFICS में ₹01 से ₹03 लाख तक की DIRECT INCOME
BUNGALOWS में ₹05 से ₹10 लाख तक की DIRECT INCOME
PLOTS में REGISTRY EXPENSES में 50% तक की SAVING/INCOME
PLOTS में 05 भाग्यशाली ग्राहकों को ₹26 लाख तक की INCOME
Follow us on :
@VIPCITYRPR
CALL-812 000 8290
Member of : CREDAI CHHATTISGARH
RERA REGISTERED PROJECT :
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
SECTOR-07 RERA NO.: PCGRERA050625001937
www.rera.cgstate.gov.in
A Project by
RCP Infratech Pvt. Ltd.
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in
Scan this QR code to find us Google Maps
फायनेंस उपलब्ध
SBI | सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India | kotak | HDFC HOME LOANS
Follow us on : /vipcityrpr /vipcityrpr
* Terms & Conditions Apply

## खबर संक्षेप



### सारासोर स्वास्थ्य शिविर में 653 ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार

**अम्बिकापुर।** मां सतकलोकी देवी ट्रस्ट एवं सक्षम आरोग्य भारतीय सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में सावन महोत्सव के अवसर पर सारासोर में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर 653 ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई तथा 160 लोगों का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क चश्मा दिया गया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री रामजी राजवाड़े, नागेश्वर नाथ योगी, दुर्गा चरण सिंह, सत्यम गर्ग, नपं अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा, जिपं सभापति अनुज राजवाड़े, माधुरी पाठक, राजीव पाठक, सुरेन्द्र साहू शिविर में नेत्र सर्जन डॉ. आनंद मोहन त्रिपाठी, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. सुमित मंडल, डॉ. विजय यादव, डॉ. स्वाति पटेल, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. अंकित लकड़ा, डॉ. अमुल्य चंद चानसी, डॉ. लोकेश्वरी साल सहित अन्य मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** बोर पंप चालू करने गई युवती करंट की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लटोरी निवासी सुहानी चौधरी आ. ओम प्रकाश चौधरी (16 वर्ष) शुक्रवार की शाम 4 बजे बर्तन धोने के लिए बोर पंप को चालू करने गई थी। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से मौके पर अचेत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवक को ट्रेलर ने मारी टक्कर मौत, महिला व बच्चा घायल

**बिश्रामपुर।** रक्षा बंधन में बाइक से पत्नी और मासूम बच्चे के साथ ससुराल जा रहे 25 वर्षीय युवक की अनियंत्रित रफ्तार की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई,घटना में उसकी पत्नी और मासूम गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करंजी चौकी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि सपकरा निवासी अनिरुद्ध पिता अशोक कुमार शनिवार को अपनी पत्नी और बच्चे को बाईक में बैठा रक्षा बंधन में अपने ससुराल कसकेला जा रहे थे तभी बिश्रामपुर दतिमा मार्ग में नितिन फ्यूल पेट्रोल पंप के सौ मीटर आगे कुमदा पहुंच मार्ग के समीप भटगांव की ओर से आ रही ट्रेलर सीजी 29 ए 4020 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाईक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया।घटना में आमने सामने हुई टक्कर में बाइक चला रहा अनिरुद्ध चालीस मीटर दूर सड़क में घसीटते जा गिरा जिससे सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी और मासूम जख्मी हो गए जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया है।घटना की सूचना पर करंजी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजनो को सौंप दिया।इधर अनियंत्रित वाहनों पर लगाम और मुआवजा की मांग को लेकर स्थानीय लोगो ने कुछ समय के लिए भटगांव मार्ग बाधित कर मृतक के परिवार के लिए तत्काल मुआवजा राशि की मांग करने लगे।सूचना पर पहुंचे सूरजपुर तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर हर संभव मदद को आश्वस्त किया, तब जाकर लोग माने।पुलिस ने मृतक के पिता अशोक कुमार की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ 125 ए,281,106(1) का अपराध दर्ज कर लिया है।

### नशे के खिलाफ खेल के माध्यम से युवाओं को किया जागरूक

**सलका अघिना।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति को लेकर एक व्यापक अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत पुलिस युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत थाना भटगांव ने ग्राम बुंदिया में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। समापन मुकाबला बुंदिया व डुमरिया के मध्य खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रहीं। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी में डुमरिया ने बुंदिया को हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। अतिथियों ने विजेता टीम को 1 हजार नगद व शील्ड और उपविजेता 500 नगद व शील्ड सहित अन्य खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

हाउसिंग बोर्ड ने प्रस्ताव बनाकर आबंटन के लिए शासन को भेजा था प्रस्ताव

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विस्तार योजना पर लगा ब्रेक दो साल से अटका है जमीन आबंटन का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आम, निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रियायत दरों पर कॉलोनी बनाने वाले हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी विस्तार योजना पर ब्रेक लगा हुआ है। बीते दो वर्ष से नई कॉलोनी निर्माण के संबंध में उसके द्वारा भेजे गए जमीन आबंटन के प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिली है। इस तरह हाउसिंग बोर्ड को बीते सात साल से कॉलोनी निर्माण के लिए जिले में कहीं भी जमीन नहीं मिल सकी है।

**खास बात**

- होम गार्ड कार्यालय के पीछे रिक्त पड़ी है पांच एकड़ जमीन में तैयार होनी थी कालोनी

सरकारी संस्था हाउसिंग बोर्ड जिले में अपनी पहली कॉलोनी का निर्माण तहसील कार्यालय के पीछे दीनदयाल आवास योजना के तहत किया गया था। यह उसकी पहली कॉलोनी थी उसके बाद से लगातार उसके एक के बाद एक कॉलोनी विस्तार योजना के लिए जिले के विभिन्न स्थानों में जमीन आबंटित की गई और बोर्ड के द्वारा उन जमीनों पर स्वतंत्र आवास के साथ साथ फ्लैट की कॉलोनी बनाई गई। अब तक सभी कॉलोनियों के आवास आबंटित हो चुके हैं और लोगों ने रहना भी शुरु कर दिया है। हाउसिंग बोर्ड अपनी इस योजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 2022 में जिला सेनानी कार्यालय के पीछे रिक्त पड़ी 5 एकड़ जमीन के आबंटन को लेकर एक प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था। उक्त जमीन पर फ्लैट आकार की कॉलोनी का निर्माण हाउसिंग बोर्ड द्वारा किया जाना था। लगभग 3 सौ आवास वाली इस कॉलोनी के प्रस्ताव को राज्य शासन से हरी झंडी नहीं मिलने के कारण हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनी विस्तार योजना को ब्रेक लग चुका है और अब तक उसने बीते सात साल में कहीं भी कॉलोनी निर्माण के लिए जमीन का आबंटन नहीं हो सका है।


फाइल फोटो

**हाउसिंग बोर्ड की इन स्थानों में है कॉलोनियां**

हाउसिंग बोर्ड ने अब तक जिन स्थानों में कॉलोनियों का निर्माण किया है उनमें रामपुर, खरमोरा, फेस-1,2, झगरहा, दादर, सेमीपाली, जेंजरा, उरगा और बरबसपुर शामिल हैं। इनमें झगरहा में स्वतंत्र आवास के साथ ईडब्लयूएस, एलआईजी, एमआईजी आवास तथा उरगा में भी एलआईजी एमआईजी और ईडब्ल्यूएस के स्वतंत्र आवास बनाए गए हैं। इनमें अलावा अटल बिहार योजना के नाम से ग्राम जेंजरा में स्वतंत्र आवासों की कॉलोनियां बनाई गई है। अब तक हाउसिंग बोर्ड के द्वारा अपनी सभी कॉलोनियों को मिलाकर 4 हजार से अधिक आवासों का निर्माण किया जा चुका है।

**बेशकीमती जमीनों में बढ़ रहे हैं बेजा कब्जा**

एक तरह हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनी निर्माण के लिए राज्य शासन उसके प्रस्ताव पर जमीन आबंटित नहीं कर पा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर के बेशकीमती जमीनों पर बेजाकब्जा कर आवासीय परिसर तैयार हो रहे हैं। ऐसे ही एक बेजाकब्जा की बड़ी कॉलोनी डिंगापुर क्षेत्र में ईएसआई अस्पताल के पीछे से लेकर आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र तक तैयार हो गई है। निगम ने यहां बिजली के लिए जैसे ही पोल गाड़े अन्य रिक्त पड़ी जमीनों पर भी कॉलोनी बस गई।

# प्रेरकों ने कैबिनेट मंत्री को रोजगार में प्राथमिकता देने सौंपा ज्ञापन


उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साक्षर भारत कार्यक्रम के तहत लगभग 18 हजार प्रेरकों की नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक महिला व एक पुरुष किया गया था। जिसे 2 हजार मासिक मानदेय प्रदान किया जा रहा था। जिसका उद्देश्य प्रौढ़ शिक्षा के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक असाक्षरों को शिक्षा प्रदान करना था। प्रेरक प्रौढ़ शिक्षा के साथ-साथ पंचायत के विभिन्न कार्यों में सतत अपना सहयोग करते थे। विद्यालयीन शिक्षा का कार्य, सर्वे, निरीक्षण, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, शौचालय निर्माण में अपनी अहम भूमिका प्रेरकों के द्वारा निभाई गयी। किंतु साक्षरता प्रेरकों को 31 मार्च 2018 से इस कार्यक्रम से पृथक कर दिया गया। जबकि आज भी उक्त कार्यक्रम संचालित है। संगठन के पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश में कोरबा जिला इकाई के द्वारा कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन को रोजगार प्रदान करने मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। प्रेरकों ने ज्ञापन के माध्यम से मंत्री को अवगत कराया कि विधानसभा चुनाव में जारी मोदी के गारंटी पत्र के तहत 1.5 लाख लोगों को रोजगार देने के लिए सरकार तुहर द्वार योजना का उल्लेख है। वहां पर प्रेरकों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए रखने की मांग की गई है।

# कुसमुंडा इमलीछापर सड़क मरम्मत कार्य पूरा नहीं तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पार्षद।

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 कुसमुंडा इमलीछापर से कुचेना मोड तक की सड़क की स्थिति किसी से छुपी नहीं है, सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ देने के वजह से सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है, जिसमें बारिश के वजह से पानी भर जाने के वजह से आए दिन दुर्घटना होती रहती है। साथ ही प्रतिदिन लंबी लंबी जाम भी लगा रहता है, जिससे लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क की दुर्दशा और आमजनों की इस बड़ी समस्या और जाम की स्थिति को देखते हुए वार्ड क्रमांक 20 नेहरू नगर के पार्षद नवीन कुकरेजा ने मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को पत्र लिख सड़क की दुर्दशा और समस्याओं को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कार्य कराने का आग्रह किया है। यह सड़क कोरबा कुसमुंडा, हल्दीबाजार, कुचेना, बांकीमोंगरा, दीपका गेवरा बस्ती जाने का मुख्य सड़क है। सात दिवस में मरम्मत नहीं की गई, तो करेंगे धरना प्रदर्शन वार्ड 20 नेहरू नगर के पार्षद नवीन कुकरेजा ने बताया कि सड़क में इतने बड़े बड़े गड्ढे है, जिसके वजह से कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि अधूरे सड़क के गड्ढों को 7 दिवस कर भीतर मरम्मत नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसके जिम्मेदार विभागीय अधिकारी होंगे।

# स्कूली बच्चों ने कनकेश्वरधाम का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंतोरा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ना प्रधान पाठक घनश्याम प्रसाद साहू, संकुल समन्वयक विजय कुमार देवांगन, एसएमसी शिक्षाविद विनोद सिदार के द्वारा कनकेश्वर महादेव कनकी धाम का भ्रमण कराया गया। बच्चों क्रो कनकेश्वर महादेव की महिमा के बारे मे पुजारी पुरूषोत्तम यादव के द्वारा विस्तार से बताया। इस दौरान सभी बच्चे जल, बेल पत्र, नारियल फूल लेकर कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करते हुए बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है की जयघोष करते हुए मंदिर का भ्रमण किये। इस दौरान बहनों ने भाई बहन का प्यार रक्षा-बंधन का त्यौहार मनाते हुए राखी बांधी।

# नाश्ता व मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने पहुंचेगी शिक्षा विभाग टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय स्कूलों में बच्चों को दिये जाने वाले नाश्ता और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए शिक्षा एवं खाद्य एवं औषधी विभाग की संयुक्त टीम स्वतंत्रता दिवस के बाद स्कूलों का दौरा करेगी। नए शिक्षण सत्र शुरु होते ही टीम ने अप्रैल माह में शहर के प्रायमरी स्कूलों में दस्तक दी थी और पुनः उस अभियान की शुरुआत शहरी क्षेत्र के स्कूलों से होने जा रही है।

**खास बातें**

- पीएम पोषण अभियान अंतर्गत नए शिक्षण सत्र से ही शुरु हुआ था कार्य
- शहरी क्षेत्र के स्कूलों को पहले दौर से लिया जाएगा प्राथमिकता से

जिले में 1425 प्राथमिक और 518 माध्यमिक शाला संचालित हैं। इन सभी में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य किया जाता है। बीते वर्ष से मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए सभी स्कूलों में लकड़ी की जगह पर गैस चूल्हा की आपूर्ति की गई है। इसी तरह विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों में बीते वर्ष 15 अगस्त से प्रायमरी और मिडिल स्कूल में नाश्ता देने की शुरुआत की गई है। भोजन की गुणवत्ता किस स्तर की है इसके जांच के लिए पीएम पोषण अभियान अंतर्गत शिक्षा विभाग की और खाद्य एवं औषधी विभाग की संयुक्त टीम स्कूलों का दौरा करेगी। अप्रैल माह में निरीक्षण के दौरान शहर के पीडब्ल्यूडी स्कूल में टीम को अनियमितता मिली थी। जिस पर उन्हें स्कूल प्रबंधन को सुधार के निर्देश दिए थे। एक मई से 16 जून तक स्कूल बंद रहने के बाद जांच की कार्यवाही शिक्षण सत्र शुरु होने के एक महीने तक बंद रही और अब पुनः 15 अगस्त के बाद जांच पड़ताल की कार्यवाही शुरु की जाएगी।


मध्यान्ह भोजन करते बच्चे।

**सिलेंडर की रकम प्रधानपाठकों के खाते में**

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए पिछले वर्ष से खाद्य विभाग के द्वारा शिक्षा विभाग से प्राप्त सूची के आधार पर गैस एजेंसियों के माध्यम से सिलेंडरों की सप्लाई प्रतिमाह की गई है। डीएमएफ से सिलेंडरों की रकम दिए जाने के बाद सभी स्कूलों के प्रधानपाठकों के खाते में सिलेंडर भुगतान की राशि जमा कर दी गई है। किंतु प्रधानपाठक एजेंसियों को भुगतान करने में जमकर लापरवाही बरत रहे हैं। गैस एजेंसियों के कर्मचारी भुगतान के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और स्कूल के प्रधानपाठक का चक्कर काट रहे हैं।

**अभी भी शहर के स्कूलों में लकड़ी का उपयोग**

मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था किए जाने के बावजूद भी शहर के कुछ स्कूलों में लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। इससे शासन के उन निर्देशों का उल्लंघन हो रहा है जिसमें मध्यान्ह भोजन के लिए लकड़ी का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है। उसके बावजूद स्कूल प्रबंधन इसे नजर अंदाज करते हुए लकड़ी का उपयोग ईंधन के रुप में कर रहा है।

# अंडर-19 क्रिकेट में स्वामी आत्मानंद स्कूल जमनीपाली के दो खिलाड़ियों का चयन


चयनित खिलाड़ी।

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल जमनीपाली के 2 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अंडर-19 क्रिकेट में शानदार खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए ज़िला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सफलता हासिल की। कक्षा 10वीं के छात्र हिमांशु साहू और कक्षा 8वीं की छात्रा कुमारी भूबृतिसलाम ने अपने प्रदर्शन से न केवल दर्शकों की सराहना जीती, बल्कि संभागीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुए। संभागीय स्तरीय यह प्रतियोगिता 11 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित होगी, जहां दोनों खिलाड़ी विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाने के उद्देश्य से मैदान में उतरेंगे। विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु साहू एवं पीटीआई नितेश कुमार यादव ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमांशु साहू और भूबृतिसलाम अपने उत्कृष्ट खेल से संभागीय स्तर पर भी सफलता अर्जित करेंगे और विद्यालय एवं ज़िले का नाम रोशन करेंगे।

**राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए जिले से खिलाड़ी रवाना**



**कोरबा।** जू-जित्सु राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जिले के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी स्नेहा बंजारे और आयुष निराला शिवनाथ एक्सप्रेस से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है। विजेता खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता वर्ल्ड जू-जित्सु चैंपियनशिप जो थाईलैंड में होने वाली है के लिए चयनित होंगे।

# सस्ती नहीं मुफ्त बिजली की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़: एमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को घर-घर पहुंचाने के अभियान को गति देने और बिजली कर्मियों को भागीदार बनाने के लिए आज पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंध निदेशकों ने कहा कि घरों में रूफटॉफ सोलर पॉवर प्लांट लगाने से आपके घर का बिजली बिल जीरो हो जाता है। छत्तीसगढ़ अब सस्ती बिजली के बजाय मुफ्त बिजली को ओर बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में जन-जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। विद्युत कंपनी के डंगनिया मुख्यालय में आयोजित शिविर में उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर सहित निदेशक (वाणिज्य) आरए पाठक उपस्थित थे। शिविर में रूफ टॉफ सोलर पॉवर प्लांट लगाने वाले वेंडर स्टाल और त्वरित ऋण सुविधा देने के लिए बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहे। स्पॉट पर ही सभी औपचारिकताएं पूरी करके आवेदन संबंधी प्रक्रिया पूरी की गई। मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि उनके घर में 5 किलोवाट का सोलर प्लांट मार्च में लगा, जिसके बाद अभी तक अधिकतम 160 रुपए ही महीने का बिल आ रहा है, पहले उनके घर का बिजली बिल 2500 रुपए तक आता था। गर्मी में खपत अधिक होती थी, अब आने वाले महीनों में मेरा बिल जीरो तक होने की संभावना है।

# परसाभांठा मार्केट की सुधरेगी दशा, शिफ्ट की जाएंगी नानवेज की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के बालको जोन अंतर्गत स्थित परसाभांठा नानवेज मार्केट भवन की दशा तत्काल सुधरेगी, वहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर बाहर खुले में लगने वाली नानवेज की दुकानों को वहां पर शिफ्ट किया जाएगा, अब खुले में सड़क के किनारे नानवेज की दुकानें नहीं लगेंगी एवं खुले में मांस मछली का विक्रय नहीं किया जाएगा।

**खास बात**

- आयुक्त ने परसाभांठा, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य बस्तियों का किया दौरा

उक्त बातें परसाभांठा बाजार स्थित नानवेज मार्केट की बिल्डिंग का निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कही। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सुबह अपने नियमित शहर भ्रमण के दौरान बालकोनगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बालको के परसाभांठा, नेहरूनगर, कैलाशनगर सहित अन्य विभिन्न बस्तियों का पैदल व स्कूटर से भ्रमण कर समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं का जायजा लिया एवं समस्याओं के तत्काल निराकरण के साथ-साथ जनआवश्यकता के मद्देनजर आवश्यक विकास व निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री पाण्डेय ने परसाभांठा बाजार स्थित निगम के नानवेज मार्केट भवन का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होंने नानवेज मार्केट में मरम्मत व सुधार कार्य कर व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कर खुले में लगने वाली नानवेज दुकानों की शिफ्टिंग किए जाने एवं शिफ्टिंग का यह कार्य 15 अगस्त से पूर्व सुनिश्चित कर लिए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अब 15 अगस्त के बाद शहर में सड़क के किनारे खुले में नानवेज का विक्रय नहीं किया जा सकेगा। निगम आयुक्त ने नेहरूनगर कैलाशनगर सहित अन्य बस्तियों में भ्रमण के दौरान एसएलआरएम सेंटर के समीप नाली के निर्माण, स्लैब के निर्माण व पूर्व निर्मित नाले को कवर्ड करने के निर्देश दिए। वहीं कैलाशनगर बस्ती में नाली निर्माण, सड़क का चौड़ीकरण व पेवर ब्लाक लगाने, नेहरूनगर मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे स्थित शासकीय भूमि पर उद्यान के निर्माण, वहां पर स्थित सार्वजनिक शेड का मरम्मत सुधार व पेंटिंग किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार कैलाशनगर उचित मूल्य की दुकान के सामने आम रास्ता पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# पाली मंडल के हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान जिले में जोर शोर से चल रहा है। इसी कड़ी में पाली मंडल स्थित महामाया मंदिर में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 10 से 15 अगस्त तक चलने वाले तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल पाली के प्रभारी संजय शर्मा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भावनानी, जिला भाजपा मंत्री एवं नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल छोटू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कीर्ति कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान सिंह राजपाल, रामविलास जायसवाल, रामफल पटेल, महामंत्री कामता जायसवाल, दीपक शर्मा, धनश्याम पटेल, गुरुदयाल सिंह गंभीर, मंगल छाबड़ा, हरीश चावड़ा, मंडल कोषाध्यक्ष रितेश जायसवाल, पूर्व पार्षद मुकेश अग्रवाल, राजा डिक्सेना, आशीष अग्रवाल, मुकेश कौशिक, विशाल मोटवानी, पुष्पक सिंह, देवेंद्र डिक्सेना, धनेंद्र डिक्सेना, पार्षद गीता शुक्ला, दीप्ति शर्मा, ज्योति ऊईके आगि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### केंद्र सरकार की नीतियों से सशक्त हुआ भारत का व्यापारीः मोदी

**कोरबा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने आज अपना 44वाँ स्थापना दिवस "राष्ट्रीय व्यापारी दिवस" के रूप में रंग भवन, आकाशवाणी ऑडिटोरियम, संसद मार्ग, नई दिल्ली में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर देशभर के 28 राज्यों से आए हजारों व्यापारियों ने भाग लिया, जिसने कार्यक्रम को एक राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष अशोक मोदी और कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर कुमार बंसल उपस्थित थे। अपने संबोधन में अशोक मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारतीय व्यापार को नई दिशा और मजबूती दी है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे व्यापारियों को बेवजह परेशान न करें, बल्कि उनकी समस्याओं को समझें। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारियों को सम्मान और सहयोग मिलेगा, तो वे निश्चित रूप से देश के राजस्व और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे, जिन्होंने व्यापारियों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील सिंघवी अध्यक्ष, व्यापारी कल्याण बोर्ड, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दुर्ग के सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे।

### सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर वाहन की टक्कर से गाय की मौत



**कोरबा।** जिले के सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर बीती रात फिर हुए सड़क हादसे में एक गाय की मौत हो गई। गीली सतह और कीचड़ से बचने मवेशी सड़क पर बैठ जाते हैं,ऐसे में दुर्घटनाएं भी होती है। रात के समय इस मार्ग पर अंधेरा होने की वजह से लगातार हादसे हो रहे है। बीते एक माह के भीतर दो भैंस और चार गाय बैल की इस मार्ग पर मौत हो चुकी है। बावजूद इसके इन हादसों पर लगाम लगाने कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। सर्वमंगला चौक से लेकर जोड़ पुला से लेकर सोनपुरी पुल से लेकर कनवेरी पुल से लेकर आए दिन हादसा देखने को मिल रही है रात में सड़क में बैठते गाय की हो रही है मौत इसमें बताया जा रहा है टेलर वाले बहुत ही रफ्तार से चलते हैं।

### गायत्री विद्यालय के पूर्व छात्रों का हुआ पुनर्मिलन समारोह



**कोरबा।** रानी रोड स्थित गायत्री हायर सेकंडरी विद्यालय के पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन समारोह इसी परिसर में आयोजित किया गया। 2005 बैच के छात्रों की उपस्थिति कार्यक्रम में दर्ज हुई। लंबे समय के बाद अपनी शिक्षण संस्था में एक दूसरे को पाकर छात्र काफी हर्षित हुए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रगति के बारे में यहां बातचीत की। गायत्री विद्यालय शिक्षण समिति की ओर से प्रयास किया गया कि 2005 बैच के छात्रों के लिए पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया जाए। कुछ छात्रों ने खुद इसके लिए पहल की थी जिसे प्रबंधन ने स्वीकार किया। शिक्षण समिति के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की अध्यक्षता में यह समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद पूर्व छात्रों में इस मौके पर अपना परिचय देने के साथ विद्यालय से जुड़ी यादें और कार्यक्षेत्र की जानकारी साझा की। शिक्षण समिति के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने विद्यालय की स्थापना और अब तक के सफर पर बातचीत की। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि यहां से अध्ययन करने वाले छात्र सफल हुए हैं। इस अवसर पर कमलेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता डीके कुदेशिया और महेश गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राशि अंतरण के अवसर पर आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित किसान संगोष्ठी में इफको कंपनी इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड के द्वारा अपने रासायनिक उर्वरकों, नैनो यूरिया, डीएपी एवं अन्य तरल उत्पाद की उपयोगिता प्रयोग विधि एवं उसके गुणवत्ता लाभ के बारे में उपस्थित किसानों को इफको कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक नवीन तिवारी के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### उद्योग मंत्री देवांगन को 10 हजार से अधिक बहनों ने बांधी स्नेह की डोर

# राखी केवल रक्षासूत्र नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मनिर्भरता का प्रतीक





रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को उपहार भेंट करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, पार्षद नरेन्द्र देवांगन एवं अन्य। उद्योग मंत्री को रक्षा सूत्र बांधती महिला।



अपनी बारी का इंतजार करती कतार में खड़ी महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज राखी के पावन पर्व पर भाजपा की मेरे बहनों और जिले के अलग-अलग जगहों से आई लाड़ली बहनों से राखी बंधवाकर सेवा, समर्पण और विश्वास के इस पावन बंधन को और भी प्रगाढ़ किया। यह केवल एक रक्षासूत्र नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक भी है। मंत्री श्री देवांगन ने बहनों के स्नेह का आशीर्वाद स्वीकार करते हुए उनके सुख-दुख में सदैव साथ निभाने का संकल्प लिया।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री श्री देवांगन के आमंत्रण पर राखी बांधने पहुंची हजारों बहनें

श्री देवांगन ने कहा की कोरबा विधानसभा मेरा परिवार है। विष्णु देव सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये 'महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रति माह एक हजार रूपए मिल रहे है।

उक्त बातें शनिवार को पंचवटी के समीप शासकीय आवास में राखी बांधने पहुंची महिलाओं को उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कही। दरअसल इस बार राखी का त्यौहार कुछ खास रहा, जब शहर के लोकप्रिय जननेता, स्थानीय विधायक और वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने हजारों बहनों के साथ भाईचारे का यह पावन पर्व मनाया। सुबह 11 बजे से ही शासकीय आवास बहनों के प्रेम और उत्साह से परिपूर्ण रहा। मंत्री श्री देवांगन ने सभी बहनों से आत्मीयता के साथ कलाई में राखी बंधवाई। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओ के साथ साथ शहर की बहनों ने मंत्री श्री देवांगन को तिलक लगाकर राखी बांधी। इस दौरान मंत्री देवांगन ने सभी बहनों व बुजुर्ग माताओं से आशीर्वाद लिया। साथ ही बच्चों को अपना दुलार भी दिया। मंत्री श्री देवांगन की कलाई पर सैकड़ों रंग-बिरंगी राखियाँ लिपट चुकी थीं, हर धागे में आशीर्वाद, हर रंग में विश्वास और हर मुस्कान में भाई-बहन के अटूट बंधन दिखाई पड़ रहा था। इस बीच जब मीडिया द्वारा पूछा गया कि जिले की इतनी सारी बहनों का रक्षा सूत्र और प्यार कैसा लगा तो वे मुस्कुराए और बोले ये तो मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। बहनों का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं उनके सम्मान और सुरक्षा के लिए हर पल समर्पित हूँ। पूरे कार्यक्रम के दौरान बहनों के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और हर बहन तक मिठाई और भेंट दी गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पार्षद नरेंद्र देवांगन, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली रत्नपारखी, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दर्री मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, बालको मंडल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, सर्वमंगला मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, रजनीश देवांगन, तुलसी ठाकुर, नारयण ठाकुर, ईश्वर साहू, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्वमंगला पुलिस ने बहनों को दिया गुलाब



रक्षाबंधन के अवसर पर, सर्वमंगला पुलिस चौकी ने एक अनोखी पहल की, जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा खूब सराहना की जा रही है। राखी के पावन पर्व पर, पुलिसकर्मियों ने बहनों को गुलाब के फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। यह आयोजन सर्वमंगला चौक पर किया गया, जहां पुलिसकर्मियों ने उन बहनों को रोका जो अपने भाइयों को राखी बांधने जा रही थी। पुलिस ने उन्हें गुलाब के फूल दिए और उनसे कहा कि वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा यातायात नियमों का पालन करें, खासकर हेलमेट पहनें और सीट बेल्ट लगाएं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना और यह संदेश देना था कि पुलिस सिर्फ चालान काटने के लिए नहीं है, बल्कि वह उनकी सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। स्थानीय लोगों ने इस अनोखे तरीके से जागरूकता फैलाने के लिए पुलिस की सराहना की। उनका कहना था कि इस तरह के सकारात्मक प्रयासों से लोग नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे। चौकी प्रभारी ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। इसलिए, उन्होंने इस दिन को यातायात सुरक्षा का संदेश देने के लिए चुना। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से लोग सड़क पर सुरक्षित रहने के महत्व को समझेंगे।

### भाइयों की कलाई पर धागा बांधा



भाई-बहन का प्यारा त्यौहार रक्षाबंधन सावन के पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन से सावन समाप्त होकर भादो पक्ष लग जाता है। इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा नहीं होने से सुबह से रात्रि तक रक्षाबंधन त्योहार का शुभमुहूर्त रहा। जिससे किसी भाई - बहन को कोई जल्दबाजी नहीं करनी पड़ी। इसी कड़ी में हरदीबाजार शांतिनगर में राजाराम राठौर के निवास पर सुमित्रा राठौर,लहुरा राठौर,नर्मदा राठौर,रेखा राठौर,नंदनी राठौर,रानी,निन्नी, शिल्पी उपाध्याय,मिष्ठी,हनी चंद्राकर,बेबी ने अपने भाई ईशान शिवम् राठौर,प्रतीक कान्हा राठौर, दद्दू को आरती उतार कर,रक्षासूत्र बांध कर, मिठाई खिलाकर रखी बांध कर आशीर्वाद लिया वहीं भाईयों ने रक्षाबंधन का धर्म निभाने का वचन दिया ।

### कड़ी सुरक्षा के बीच जिला जेल में बांधी गई राखी



जिला जेल और कटघोरा के उप जेल में रक्षाबंधन पर्व संपन्न हुआ। हाल में हुई घटना को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मौके पर की गई थी, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी का सामना फिर ना करना पड़े। प्रशासन के द्वारा विभिन्न त्योहार उनके परिजनों को दी जाती है ताकि उनके द्वारा खुशियों को साझा किया जा सके और दर्द कम हो सके। जेल में व्यवस्थाएं की गई। मौके पर महिला पुरुष बंदियों से मिलने के लिए उनके परिजन पहुंचे। जरूरी औपचारिकता की पूर्ति करने के साथ राखी बांधी गई और मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान भावनाओं का ज्वार उमड़ते देखा गया। प्रबंधन ने बंदियों को संकल्प दिलाया कि वे अपने व्यवहार को सही करेंगे और यहां से मुक्त होने के बाद जीवन को सही दिशा देने का काम करेंगे ताकि शेष भविष्य बेहतर हो सके। उन्हें यह भी कहा गया कि अलग-अलग कारण से लोग कई प्रकार के अपराध कर बैठे हैं और बाद में इसके लिए लंबे समय तक पछतावा होता है। इसलिए जरूरत इस बात की है की परिस्थितियों के साथ समन्वय बनाया जाए और फालतू की चीजों की तरफ से ध्यान को हटाया जाए। वंचित समुदाय के इलाके में पहुंचकर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने और मुंह मीठा कराया।

### कुसमुंडा टीआई ने प्रशांति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का किया सम्मान, महिलाओं ने बांधा रक्षासूत्र



रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर नगर निरीक्षक, पुलिस थाना, कुसमुंडा युवराज तिवारी तथा सर्वमंगला पुलिस चौकी प्रभारी वैभव तिवारी व स्टॉफ द्वारा नवदृष्टि प्रशांति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम की महिला बुजुर्गों ने नगर निरीक्षक युवराज तिवारी एवं चौकी प्रभारी वैभव तिवारी तथा स्टॉफ की आरती उतारी और उन्हें रक्षासूत्र बांधा। कुसमुंडा थाना टीआई श्री तिवारी ने आश्रम के समस्त बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उनका आशीर्वाद तथा स्वास्थ्य की जानकारी ली। बुजुर्गों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराते हुए पुलिस अधिकारी एवं स्टॉफ ने उनके साथ भोजन भी ग्रहण किया। नगर निरीक्षक युवराज तिवारी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा और कोई नेक कार्य नहीं हो सकता है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से व्यक्ति के बड़े से बड़े काम सफल हो जाते हैं। टीआई श्री तिवारी ने कहा कि नवदृष्टि समाजसेवी संस्था ने 20 वर्षों से वृद्धाश्रम का सफलतापूर्वक संचालन कर एक चुनौतीपूर्ण कार्य को बखूबी अंजाम दिया है। बुजुर्गों की सेवा का यह कार्य अपने आप में अनुकरणीय है। इस अवसर पर एएसआई लक्ष्मी प्रसाद रात्रे, प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद जायसवाल, आरक्षक दुर्गेश डनसेना, नागेन्द्र सिंह, नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख, केअरटेकर बीरू यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रक्षाबंधन व विश्व आदिवासी दिवस पर कटघोरा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



नगर में रक्षाबंधन और विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में बढ़ते दबाव और संभावित सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, कटघोरा पुलिस ने शनिवार को नगर में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन में जागरूकता फैलाने का काम किया। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च नगर के मुख्य बाज़ार,बस स्टैंड व प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुज़रा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सतर्क रहने और पॉकेटमारी, चेन स्नैचिंग जैसी घटनाओं से सावधान रहने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने और अन्य यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नगर के हर महत्वपूर्ण स्थान पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था, अपराध या दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य त्योहार के मौके पर लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को खत्म करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें, भीड़भाड़ वाले इलाकों में सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### प्रेरणा महिला मंडल ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



कुसमुंडा में प्रेरणा महिला मंडल के द्वारा रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने कुसमुंडा थाना के पुलिसकर्मियों को राखी बांध कर सुरक्षा का वचन लिया। महिला मंडल की अध्यक्ष उमा कुमारी के नेतृत्व में महिलाएं कुसमुंडा थाना पहुंचीं और थाना प्रभारी युवराज तिवारी और अन्य पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। पहले महिलाओं ने पुलिसकर्मियों की आरती उतारी और उनके माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी। राखी बांधने के बाद महिलाओं ने पुलिसकर्मियों से अपनी रक्षा का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने थाना प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मियों का मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष उमा कुमारी, सदस्य बबली, दिनकर, कविता, रंजन, सरोज विश्वकर्मा, अमिता सोनी उपस्थित थीं।

### बेलाकछार में मनाया गया रक्षाबंधन



रक्षाबंधन का त्यौहार पौराणिक परंपरा के अनुसार सभी क्षेत्रों में मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में भी त्यौहार का परंपरा का निर्वहन अपने अपने स्तर पर किया गया। ग्राम बेलाकछार के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित किये। भाई बहन के इस पवित्र त्यौहार को परंपरागत रुप से मनाते हुए इसे अक्षुण्य बनाए रखने के लिए भाईयों के द्वारा बहनों को उपहार भी दिये गये।

### कुसमुंडा में मनाया गया रक्षाबंधन



कुसमुंडा में भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखियां बांध कर अपने रिश्ते को और मजबूत किया। बहनों ने थाली सजाई उसमें रखी मिठाई रखकर भाई को सबसे पहले तिलक लगाकर राखी बांधी वहीं भाइयों ने भी अपनी कलाइयों पर राखियां बंधवा कर बहनों की रक्षा का वचन लिया और बहनों को उपहार दिया बहनों ने भाईयों को राखी बांधी, जिन भाई बहनों को एक साथ रक्षाबंधन मनाने का मौका नहीं मिला, उन्होंने एक-दूसरे को फोन और मैसेज के माध्यम से बधाई दी।जैस्मीन कौर रिया ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांध कर उसकी लम्बी आयु की कामना की। इस मौके कहा कि ये त्यौहार उसके लिए बहुत मायने रखता है और वे हर साल अपने भाई को राखी बांध उसकी लम्बी आयु की कामना करती है ताकि भाई हमेशा खुश रहे और जीवन में तरक्की करे।

### आयुक्त ने समीक्षा बैठक में टीएल प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

# निर्माण कार्यों की प्रगति व राजस्व वसूली में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निगम द्वारा संपादित कराए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाएं, निगम के राजस्व की वसूली से जुडे. कार्ये पर विशेष फोकस करें, वहीं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यों, टीएल प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से संबंधित विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई से जुडे.कार्यों को पूरी गंभीरता से लें तथा इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता प्रदर्शित न करें।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शुक्रवार को निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन निगम मद, सांसद, विधायक, प्रभारी मंत्री मद, वित्त आयोग मद, एनकेप मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार समीक्षा करते हुए कार्यों की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि स्वीकृत कार्यो की निविदा आदि की कार्यवाही समयसीमा में पूरी कराएं तथा जिन कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनकी आगामी कार्यप्रगति में तेजी लाएं। श्री पाण्डेय ने कलेक्टर टीएल, निगम टीएल, जनचौपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएमओ पोर्टल आदि में प्राप्त शिकायतों व प्रकरणों के साथ-साथ जनशिकायत व जनसमस्या से जुड़े प्रकरणों के निराकरण की वर्तमान स्थिति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए और समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता न बरती जाए। निगम के राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की, उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य मदों में प्राप्त होने वाले राजस्व की वसूली की विषयवार समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया।

### इंडियन स्कूल में राखी बनाओ प्रतीयोगिता



इंडियन पब्लिक स्कूल, जटगा में डायरेक्टर राकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में इंडियन पब्लिक स्कूल जटगा के हेडमास्टर लोकनाथ चंद्रा के द्वारा रक्षाबंधन के पूर्व रखी बनाओ एवं ड्राइग प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें क्लास वन से क्लास फोर्थ तक के बच्चों के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता रखा गया था एवं क्लास नर्सरी से यू केजी के बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता रखा गया था छोटे छोटे बच्चों ने बहुत सुन्दर ड्राइग एवं राखी बनाए। अपने हाथों से राखी बना कर बच्चों ने जो हमारी एवं हमारे गांव किया रक्षा करते है शान्ति व्यवस्था बनाते है पुलिस स्टॉफ उनको बच्चो ने पुलिस चौकी जटगा के चौकी प्रभारी श्री चंद्रपाल खांडे एवं समस्त स्टॉफ को राखी बांध कर आशीर्वाद प्राप्त किये इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग में भी जा कर सभी स्वास्थ्य स्टॉफ को बच्चों ने राखी बांध कर इनसे भी आशीर्वाद लिए इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं बच्चों को राखी बनाने सिखाने में स्कूल के टीचर्स अर्पिता सिंह, शिखा सिंह, आकांक्षा तिग्गा, दीपांजलि गुप्ता एवं शुशीला रजक का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर

**कोरबा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को उल्लास के साथ जिले में भी मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के बाजारों में आकर्षक झूले, परिधान व श्रृंगार सामग्री वृंदावन, मथुरा, जयपुर से मंगाई गई हैं। जगह-जगह दही हांडी फोड़ी जाएगी। मंदिरों से लेकर बाजार तक, भजन-कीर्तन से लेकर श्रृंगार सामग्री की खरीद तक, हर ओर कृष्णमय माहौल बनने लगा है। आकर्षित झांकियों, दही-हांडी प्रतियोगिताओं और श्रृंगारित मंदिरों के साथ पूरे शहर में जन्मोत्सव का रंग छाया रहेगा। शहर के बाजारों में भगवान श्रीकृष्ण के श्रृंगार के लिए विशेष सामग्रियों की खरीदारी शुरू हो गई है। श्रद्धालु बाल गोपाल के लिए परिधान, झूले, पालने, बांसुरी, मुकुट, माला, चूड़ी, तिलक, कुंडल और कंगन आदि की पूछ परख कर रहे हैं। दुकानों में इन दिनों भक्त बांके बिहारी के लिए परिधान, मुकुट, माला, बांसुरी, पालना और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार जरदोजी और एंब्रॉयडरी वर्क से सजे हुए परिधानों की विशेष मांग है। शहर में हमेशा की तरह इस बार भी जगह -जगह पर दही-हांडी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही हांडी में नकद पुरस्कार, उपहार और प्रसाद रखा जाएगा।

### डीएसपीएम में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक पेड़ मान के नाम थीम के तहत पौधरोपण अभियान के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के भण्डार संभाग में 85 पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वीके सेन चौधरी अतिरिक्त मुख्य अभियंता भण्डार एवं क्रय के उपस्थिति में अलग अलग प्रकार के 85 पेड़ पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भण्डार संभाग के अधीक्षण अभियंता एएस मरावी के साथ सहायक अभियंता श्रीमती रितिका मिश्रा एवं श्रीमती भावना जैनेन्द्र, एवं स्टाफ सीएस साहू, एसपी सिदार, अशोक कुमार, सतीश वर्मा, मानसिंह गोंड, श्रीमती मंजू चिंजवानी, पंकज, रामनारायण विजेंद्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

### कैरियर काउंसिलिंग व जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेल्हाडीह-जेठा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवसरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर कैरियर काउंसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कैरियर के संदर्भ में अवगत कराते हुए सामान्य अध्ययन एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई एवं पुरस्कार प्राप्त किए। स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए अंकुरित अनाजों की उपयोगिता को बताते हुए विद्यार्थियों को स्वल्पाहार के रूप में इसका वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शोलेष कुमार राठौर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

## संयुक्त श्रमिक संगठन ने कोल इंडिया से बैठक बुलाने की रखी मांग

# कोल कर्मियों को इस बार एक लाख से अधिक बोनस की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उद्योग में अब त्योहारी बोनस को लेकर कोयला कर्मचारियों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। कोल इंडिया में अगले माह के आखिर तक इस मुददे पर प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा होनी है। बोनस डिसाइड करने के लिए 23 सितंबर को बैठक हो सकती है। इस बार कोयला कर्मचारी पिछले वर्ष की तुलना में एक लाख से ज्यादा बोनस मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। श्रमिक संगठन भी एक लाख से अधिक बोनस की मांग करने की बात कह रहे हैं।

**खास बात**

- बीते वर्ष कोल कर्मियों को 93 हजार 700 रुपए मिली थी बोनस की राशि

कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से कोयला कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा-दशहरा के अवसर पर परफार्मेंश लिंक रिवार्ड (पीएलआर) के रूप में बोनस राशि का भुगतान किया जाता है। जेबीसीसीआई की स्टेंडराइजेशन कमेटी में शामिल प्रबंधन व यूनियनों के प्रतिनिधि इसको लेकर फैसला करते हैं । गत वित्तीय वर्ष में कोल इंडिया मुनाफे में रही है। इसे देखते हुए श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधी भी अब बीते वर्ष की तुलना में कोयला कर्मचारियों को ज्यादा बोनस दिलाने के लिए प्रयास करने की बात कर रहे है। कुछ दिनों पहले कोरबा दौरे पर पहुंचे बीएमएस के राष्ट्रीय कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने भी कहा था कि वे इस बारे कोयला कर्मचारियों को बीते वर्ष की अपेक्षा ज्यादा बोनस दिला सकें, कोल कर्मियों को एक लाख से अधिक की बोनस राशि प्राप्त हो इसके लिए कोशिश की जा रही है। 22 सितंबर से दुर्गापूजा उत्सव प्रारंभ होगा। इस बीच 23 सितंबर को दिल्ली में स्टेण्डराइजेशन कमेटी की बैठक होने की चर्चा है, जिसमें बोनस पर फैसला किया जाएगा। एसईसीएल सहित कोल इंडिया के अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारियों को बीते वर्ष परफामेंश लिंक रिवार्ड के रूप में 93 हजार 700 रूपए बोनस प्रदान किया गया था। ऐसे में कर्मचारी उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार बोनस की राशि एक लाख से ज्यादा होनी चाहिए। यही वजह है कि श्रमिक संगठन प्रबंधन से जल्द बैठक की तिथि निर्धारित करने की मांग कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### कोल इंडिया में दो लाख 20 हजार कर्मचारी

कोल इंडिया के अलावा इसके सहायक कंपनियों एसईसीएल, इसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्लूसीएल, एमसीएल, एनसीएल, एनईसी व सीएमपीडीआई को मिलाकर लगभग 2 लाख 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी है। बोनस को लेकर कोयला कंपनियों में कर्मचारियों के बीच जहां चर्चा शुरू हो गई है। वहीं श्रमिक संगठन भी बोनस बढ़ोत्तरी को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। श्रमिक संगठनों द्वारा बीते वित्तीय वर्ष कोल इंडिया को प्राप्त लाभांश को लेकर बोनस निर्धारण की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

### कोल कर्मियों के बोनस वितरण पर एक नजर

| वर्ष | बोनस राशि (रुपये में) |
|---|---|
| 2015 | 48,500 |
| 2016 | 54,000 |
| 2017 | 57,000 |
| 2018 | 60,500 |
| 2019 | 64,700 |
| 2020 | 68,500 |
| 2021 | 72,500 |
| 2022 | 76,500 |
| 2023 | 85,000 |
| 2024 | 93,750 |

## बिजली चोरी पर 5 लाख 88 हजार रुपए का लगा जुर्माना



इस तरह खम्भे से की गई थी हुकिंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी संतोष राठौर पर बिजली चोरी करने पर जुर्माना लगाया गया है। विशेष न्यायालय ने उन पर 5 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह पूरा मामला 2022 का है। विद्युत वितरण विभाग की सतर्कता टीम ने बेलटिकरी बसाहट दीपका निवासी संतोष राठौर के खिलाफ कार्रवाई की थी। जांच में पाया गया कि राठौर मकान निर्माण के दौरान और उसके बाद भी सीधे विद्युत पोल से बिजली का अवैध इस्तेमाल कर रहे थे। अधिवक्ता राजेश कुमार कुर्रे के अनुसार, संतोष राठौर ने पहले ही करीब साढ़े 4 लाख रुपए पेनाल्टी जमा की थी। इसके बावजूद वे अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल करते रहे। मामले की सुनवाई 3 साल तक विशेष न्यायालय में चलती रही। कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी को 5 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह राशि निर्धारित अवधि में जमा करनी होगी। अगर वे समय पर अर्थदंड जमा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। विद्युत वितरण विभाग ने लोगों से अपील की है कि बिजली चोरी न करें और नियमानुसार मीटर लगवाकर कनेक्शन लें। विभाग की टीम आगे भी ऐसे मामलों पर नजर रखेगी और कड़ी कार्रवाई करेगी।

**खास बात**

- सेवानिवृत्त कर्मचारी पोल से लिया था कनेक्शन, 3 साल चली कोट में सुनवाई

## मरवाही से आ धमके दंतैल हाथियों ने बरदापखना में ढाया कहर



हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। शुक्रवार की रात जीपीएम जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र से अचानक आ धमके दो दंतैल हाथियों ने रेज के बरदापखना गांव में भारी कहर ढाया। इस दौरान दंतैल हाथियों ने गजराज सिंह एवं सिकंदर नामक दो ग्रामीणों के घरों को ढहा दिया। वहीं एक बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे मक्के तथा केले के फसल को तहस-नहस कर दिया, जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के डर से ग्रामीण रतजगा करते रहे। सुबह होने पर वन विभाग को सूचित किया, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

वन अधिकारियों के मुताबिक आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इससे पहले भी इन दंतैल हाथियों ने यहां पहुंचकर काफी उत्पात मचाया था, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल था। गांव वाले हाथियों के उत्पात से बेहद परेशान हैं और डर के मारे खेतों में जाना भी बंद कर दिया है। जिससे खेती का काम पिछड़ रहा है। याद रहे कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान, एतमानगर और जटगा रेंज में 80 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं। हाथियों ने क्षेत्र को अपना बसेरा बना लिया है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में मौजूद 22 हाथियों का झुंड शुक्रवार की रात कलगामार से कुदमुरा का रूख कर लिया है। हाथियों को शनिवार की सुबह जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं।

**खास बात**

- केंदई, पसान, एतमानगर और जटगा रेंज में 80 की संख्या में विचरण कर रहे हाथी

## महिलाओं से मंगलसूत्र लूटने वाले आरोपी और सोनार गिरफ्तार, 13 लॉकेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र में लगातार तीन महिलाओं से मंगलसूत्र लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी और उसके द्वारा लूटे गए सामान को खरीदने वाले एक सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटे गए सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

**खास बात**

- आरोपियों से एक मोटर साइकिल, 4 सोने के मटर दाने व 10 हजार रुपए नगद जब्त

उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त को हरदीबाजार के ग्राम उतरदा में एक जनरल स्टोर संचालक की पत्नी कुंजमति पटेल के गले से मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने सिगरेट लेने के बहाने मंगलसूत्र छीन लिया। इसके अगले ही दिन 6 अगस्त को ग्राम बोईदा में एक और जनरल स्टोर संचालक की पत्नी जयकुंवर के साथ भी इसी तरह की वारदात हुई, जहां बदमाश इलेक्ट्रिक बल्ब खरीदने के बहाने मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। इसी दिन उतरदा यात्री प्रतीक्षालय में बस का इंतजार कर रही सतरूपा मरावी के गले से भी मंगलसूत्र छीना गया। मंगलसूत्र लूट की इन घटनाओं के बाद पुलिस ने हरदीबाजार थाने में बीएनएस की धारा 309(4), 317(2), और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल और हरदीबाजार-बलौदा मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान सूरज यादव उम्र 33, निवासी राताखार गढ़ापारा के रूप में हुई। 8 अगस्त को पुलिस ने सूरज यादव को उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी के साथ तीनों वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर सीजी 12 बीएच 0793 और लूटे गए मंगलसूत्र को बेचने के बाद मिले 10 हजार रुपये बरामद कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त सामान।

### सोनार भी हुआ गिरफ्तार

पुलिस ने पूछताछ में पाया कि सूरज यादव ने लूटे गए मंगलसूत्र को सोनार मुकेश सोनी उर्फ मोनू उम्र 37 निवासी रानी रोड को बेचा था। मुकेश सोनी ने यह जानते हुए कि यह सामान लूट का है उसे खरीदा। इस पर पुलिस ने मुकेश सोनी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 13 सोने के लॉकेट और 4 सोने के मटर दाने जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को 9 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से न सिर्फ लुटेरों को पकड़ा, बल्कि चोरी का सामान खरीदने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई का संदेश दिया है।

## एसईसीएल में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में शुक्रवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय, पश्चिमी अंचल नागपुर एवं उसके रायगढ़ क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं क्षेत्र-2 तथा उत्तरी अंचल गाजियाबाद एवं उसके जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में किया गया। छह घंटे से अधिक चली इस मैराथन बैठक में खान सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आंकड़ों और कंपनी के सुरक्षा प्रयासों पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत चर्चा की गई। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुपालन, नवीनतम सुरक्षा तकनीकों और डिजिटाइजेशन के उपयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसईसीएल प्रबंधन ने कहा कि खान सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा प्रणाली को और दुरुस्त बनाने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक अध्ययन के अनुशंसाओं के अनुरूप कार्य प्रणाली लागू करने, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा प्रशिक्षण व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किए गए। बैठक में एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन से निदेशक (तकनीकी संचालन) एन फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास और निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एवं एरिया सेफ्टी ऑफिसर उपस्थित रहे। खान सुरक्षा महानिदेशालय से उप महानिदेशक, पश्चिमी अंचल, नागपुर रामावतार मीना, उप महानिदेशक, उत्तरी अंचल, गाजियाबाद नीरज कुमार, निदेशक खान सुरक्षा, रायगढ़ क्षेत्र बीबी सटीयार, निदेशक खनन, पश्चिमी अंचल, नागपुर आफताब अहमद, निदेशक खान सुरक्षा, बिलासपुर क्षेत्र 1 एमके सिन्हा, निदेशक खान सुरक्षा, बिलासपुर क्षेत्र 2 आरके सिंह, निदेशक विद्युत, पश्चिमी अंचल, नागपुर टी श्रीनिवास, निदेशक विद्युत, पश्चिमी अंचल, नागपुर आनंद अग्रवाल, निदेशक विद्युत आदि उपस्थित रहे।

## यातायात व्यवस्थित करने मानिकपुर सब एरिया मैनेजर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में आपकी संस्था के द्वारा मानिकपुर ओवर बर्डन डंपिंग यार्ड में फ्लाई ऐश फीलिंग की जा रही है जिसके लिए भारी मात्रा में हाईवा के माध्यम से राख परिवहन हो रही है। गौ माता चौक कोरबा से लेकर भिलाई खुर्द तक राख परिवहन में लगी हाईवा मुख्य मार्ग में अवस्थित रूप से खड़ी रहती है है जिससे हमेशा मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहता है। पानी निकासी की व्यवस्था बंद हो जाने के कारण मार्ग मैं पानी भरा रहता है जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं मार्ग पूर्ण रूप से टूट चुका है साथ ही साथ मार्ग में कीचड़ मिट्टी व राख बिखरे होने की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है जिससे हम व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर तत्काल जवाबदेही तय कर मार्ग को व्यवस्थित करवाते हुए मरम्मत कार्य करवाए और यह भी सुनिश्चित हो की प्रतिदिन उक्त मार्ग में साफ सफाई व पानी का छिड़काव हो। संस्था ने चेतावनी दी है कि जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो मजबूरन में जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स को एंड इंडस्ट्रीज विरोध प्रदर्शन करेगी।
















